## न्यूज डायरी



### 24–25 फरवरी को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप करेंगे भारत का दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इसी महीने भारत दौरे पर आने वाले हैं। सोमवार को वाइट हाउस ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप 24–25 फरवरी को भारत दौरे पर रहेंगे। पिछले काफी समय से राष्ट्रपति ट्रंप के भारत दौरे पर आने की खबरें जोरों पर हैं। एक ट्वीट कर वाइट हाउस ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मिलेनिया ट्रंप 24–25 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए भारत आएंगे। इस दौरे से अमेरिका–भारत के कूटनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी और इससे अमेरिकी व भारतीय लोगों के बीच संबंध और भी दमदार होगा। 16 जनवरी को विदेश मंत्रालय ने भी बताया था कि भारत और अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप की प्रस्तावित भारत यात्रा के लिए दोनों राजनयिक चौनलों के जरिए संपर्क में हैं।

### ईरान हमले में 100 से ज्यादा अमेरिकी सैनिकों के दिमाग में चोट आई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। ईरान की तरफ से पिछले महीने इराक में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर किए गए मिसाइल हमले में 100 से ज्यादा अमेरिकी सैनिकों को दिमाग में "हल्की" चोट आई थी। रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले कम सैनिकों के चोटिल होने की घोषणा की गई थी। पेंटागन ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, "आज की तारीख तक, 109 अमेरिकी सेवा सदस्यों में दिमाग में हल्की चोट (एमटीबीआई) आने का पता चला है, यह पिछली रिपोर्ट से 45 ज्यादा है।" इनमें से 76 ड्यूटी पर लौट आए हैं जबकि बाकी बचे ज्यादातर लोगों का इलाज चल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरुआत में कहा था कि कोई अमेरिकी सात–आठ जनवरी की रात पश्चिमी इराक के एन अल–असद अड्डे पर किए गए हमले में कोई अमेरिकी घायल नहीं हुआ था हालांकि बाद में अधिकारियों ने बताया था कि 11 सैनिक घायल हुए थे। ईरान ने तीन जनवरी को हुए अमेरिकी ड्रोन हमले का जवाब देते हुए सैन्य अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थी। इस ड्रोन हमले में ईरान के शीर्ष जनरल कासिम सुलेमानी मारे गए थे जब वह बगदाद में थे।

### अमेरिका के पूर्वी अरकांसास के वालमार्ट में गोलीबारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फॉरेस्ट सिटी। अमेरिका के पूर्वी अरकांसास स्थित वालमार्ट में सोमवार को हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की घटना फॉरेस्ट सिटी में हुई। फॉरेस्ट पुलिस की प्रवक्ता चौस्टिटी बॉयड ने बताया कि वालमार्ट के अंदर तीन लोगों को गोली लगी है लेकिन वह यह नहीं बता सकती कि उनके जख्म कितने गंभीर हैं। बॉयड ने कहा कि उन्हें इस बात की भी जानकारी नहीं है कि हमलावर को गिरफ्तार किया गया है या नहीं।

### तेजी से गर्म हो रहा अंटार्कटिका, रेकॉर्ड तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चारों तरफ बर्फ से घिरा अंटार्कटिका उपद्वीप अब तेजी से गर्म हो रहा है और यही वजह है कि यहां रेकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया है। नॉर्दर्न अंटार्कटिका में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया। अंटार्कटिका को स्नो, आइस और पेंगुइन के लिए जाना जाता है और यह अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। एक अर्जेंटाइन रिसर्च बेस, ऐस्परेंजा पर गुरुवार को यह तापमान रेकॉर्ड किया गया। लेकिन अभी वर्ल्ड मीटरोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन द्वारा इस रीडिंग को वेरिफाई किया जाना बाकी है। 'ऑर्गनाइजेशन के लिए रेकॉर्ड किए जाने वाले तापमान की रिसर्च करने वाले रैनडैल केरवैनी ने कहा, श्अभी तक हमने जो देखा है उससे संकेत मिलते हैं कि यह रेकॉर्ड वैध है।श उन्होंने आगे बताया कि इस रीडिंग की पुष्टि करने के लिए वह पूरे डेटा को आने का इंतजार कर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि यह इकलौता रेकॉर्ड नहीं है जो इस हफ्ते टूटा है। अंटार्कटिका के मारांबियो साइट पर फरवरी 1971 के बाद से सबसे ज्यादा तापमान रजिस्टर किया गया।

# भारत ने चीन को चिकित्सा सामग्री के निर्यात की मंजूरी दी

**कोरोना वायरस**

### आपात स्थिति से निपटने की तैयारी के तहत चिकित्सा उपकरणों के निर्यात पर लगी थी रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पेइचिंग। भारत ने करोना वायरस से मुकाबला करने के लिए चीन भेजी जाने वाली चिकित्सा सामग्री की कुछ खेपों को मंजूरी दे दी है। इसके लिए भारत सरकार ने सभी तरह के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के निर्यात पर लगी रोक में ढील दी है। यह जानकारी चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिस्री ने दी। बता दें कि यह फैसला पीएम मोदी द्वारा चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को लिखे पत्र के बाद लिया गया है जिसमें उन्होंने करोना वायरस से मुकाबला करने में एकजुटता प्रकट करते हुए सहयोग की पेशकश की थी।

**प्रतिबंधों को दरकिनार कर चिकित्सा सामग्री के निर्यात को मंजूरीः** चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिस्री ने बताया कि भारत ने 31 जनवरी को हवा के जरिए फैलने वाले संक्रमण से बचने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कपड़े और मास्क सहित व्यक्तिगत सुरक्षा के सभी उपकरणों के निर्यात पर रोक लगा दी थी।



उन्होंने कहा, हालांकि, संक्रमण से बचाव में इस्तेमाल होने वाले कपड़े और व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए इस्तेमाल आने वाले कुछ उपकरणों जैसे मास्क आदि के प्रतिबंध को दरकिनार कर चीन भेजने को मंजूरी दी गई है। मिस्री ने बताया कि भारतीय दूतावास जरूरी मदद देने के लिए चीनी प्रशासन के संपर्क में है।

उन्होंने बताया कि करोना वायरस के संक्रमण का मुकाबला करने के लिए चीन ने बड़े पैमाने पर कुछ चिकित्सा उपकरणों का आयात करने के ऑर्डर दिए हैं लेकिन भारत ने देश में किसी भी स्थिति से निपटने की तैयारी के तहत कुछ चिकित्सा उपकरणों के निर्यात पर रोक लगा दी है। मिस्री ने बताया कि अधिकारियों की विशेष निगरानी समिति दैनिक आधार पर बैठक कर उन चिकित्सा उपकरणों के निर्यात पर लगी रोक की समीक्षा कर रही है जिसकी मांग करोना वायरस के मद्देनजर कई देशों में है। उल्लेखनीय है कि चीन में करोना वायरस की महामारी फैलने के बाद वुहान शहर और हुबेई प्रांत में तैनात चिकित्सा कर्मियों ने सुरक्षा कर्मियों और अस्पतालों में तैनात कर्मियों आदि के लिए बड़े पैमानें पर दस्ताने, सुरक्षा उपकरण की जरूरत बताई है। इस तरह के चिकित्सा उपकरणों का निर्यात जापान, अमेरिका और यूरोपीय संघ के देशों द्वारा किया जा रहा है। मिस्री ने बताया कि भारत ने हुबेई प्रांत के वुहान शहर से 647 भारतीयों को निकालने के लिए भेजे एयर इंडिया के विमान में ऐसे उपकरणों के कई बक्सों की आपूर्ति की।

**पीएम मोदी ने पत्र लिखकर की थी मदद की पेशकशः** आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को पत्र लिखकर करोना वायरस से निपटने में भारत की तरफ से मदद की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लेटर में पीएम मोदी ने करोना वायरस को लेकर चिनफिंग और चीन के लोगों के प्रति एकजुटता का इजहार किया।

## चीनी सेना ने की दुनिया की सबसे बड़ी हैकिंग!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। 2017 में दुनिया की सबसे बड़ी हैकिंग हुई। इस हैकिंग से लाखों लोगों की निजता का हनन हुआ। सबसे बड़ी संख्या में कंज्यूमर डेटा हैक करने के लिए अमेरिका ने चीनी मिलिट्री के चार लोगों पर आरोपी बनाया है। इन चारों पर इक्विफैक्स क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसी और करोड़ों अमेरिकियों के निजी डेटा को चुराने का आरोप लगा है। 2017 में इस हैकिंग से करीब साढ़े 14 करोड़ लोग प्रभावित हुए थे। हैकर्स ने नाम, अड्रेस, सोशल सिक्यॉरिटी (लॉगइन और पासवर्ड) और ड्राइवर के लाइसेंस नंबर व कंपनी के डेटा बेस में सेंध दूसरी निजी जानकारियां चुरा ली थीं। चीनी सेना की एक विंग पीपल्स लिबरेशन आर्मी के चार सदस्यों पर कंपनी के ट्रेड सीक्रेट्स जैसे डेटाबेस डिजाइन चुराने का भी आरोप है। विधि–प्रवर्तन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन आरोपी हैकरों ने एक सॉफ्टवेयर कमी का फायदा उठाकर इक्विफैक्स के कंप्यूटर में सेंध लगा ली थी। उन्होंने यूजर्स के लॉगइन और पासवर्ड हासिल कर लिए जिसका इस्तेमाल वे डेटाबेस को नेविगेट करने व रेकॉर्ड्स रिव्यू में करते थे। इससे इक्विफैक्स को ना सिर्फ वित्तीय नुकसान हुआ, बल्कि लाखों अमेरिकियों की निजता का भी हनन हुआ।



**ऑस्ट्रेलिया में भारी मूसलाधार बारिश से मिली राहत**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में मूसलाधार बारिश के बाद लोगों को कुछ राहत मिली है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर चार दिन तक हुई जोरदार बारिश और तीन साल के सूखे के बाद महीनों तक जंगलों में लगी आग से हुई तबाही के बाद थोड़ा सुकून हासिल हुआ है। लेकिन अभी बड़े एरिया में तूफान और मौसम ज्यादा खराब होने का भी अनुमान लगाया है। सिडनी और आसपास के इलाकों में पिछले 30 साल के दौरान यह सबसे जोरदार बारिश दर्ज की गई है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले इलाके न्यू साउथ वेल्स के जंगल बारिश से सराबोर हो गए हैं।

# चीन में करॉना का कहर जारी अब तक 42,000 संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन में घातक करॉना वायरस से मरने वालों की संख्या 1,000 के पार पहुंच गई है और इसके अभी तक 42,000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि सोमवार को इससे 108 और लोगों की जान चली गई और 2,478 नए मामले सामने आए। आयोग के अनुसार इससे अब तक कुल 1,016 लोगों की जान जा चुकी है और कुल 42,638 मामलों की पुष्टि हुई है।

उसने बताया कि शनिवार को जिन 108 लोगों की जान गई उनमें से 103 हुबेई प्रांत के थे, जहां इस वायरस के कारण सबसे



अधिक लोग मारे गए हैं। इसके अलावा पेइचिंग, तिआंजिन, हीलोंगजियांग, अनहुइ और हेनान में इससे एक–एक व्यक्ति की जान गई है। वहीं कुल 3,996 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है।

**डब्ल्यूचओ की टीम पहुंची चीन** उसने बताया कि सोमवार को 849 मरीज गंभीर रूप से बीमार हो गए, 7,333 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और 21,675 लोगों के इससे संक्रमित होने की आशंका है। हांगकांग में सोमवार तक इसके 42 मामले सामने आ चुके थे, जहां इससे एक व्यक्ति की जान भी जा चुकी है। मकाऊ में 10 और ताइवान में इसके 18 मामले सामने आए हैं।

डब्ल्यूचओं के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक टीम भी सोमवार रात चीन पहुंची जो करॉना वायरस के प्रकोप से निपटने में चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों की मदद करेगी। करॉना वायरस विषाणुओं का एक बड़ा समूह है लेकिन इनमें से केवल छह वायरस ही लोगों को संक्रमित करते हैं।

### बंगाल की खाड़ी में नाव डूबने से कम से कम 16 रोहिंग्या शरणार्थियों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेशी शिविरों से 125 रोहिंग्या शरणार्थियों को ले जा रही क्षमता से अधिक भरी एक नाव मंगलवार तड़के बंगाल की खाड़ी में डूब गई। बांग्लादेशी अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। सेंट मार्टिन द्वीप के शीर्ष निर्वाचित अधिकारी ने बताया कि द्वीप के पास लकड़ी की नौका पलटने के बाद तटरक्षक, नौसेना के गोताखोरों और अन्य बचावकर्मियों ने 14 महिलाओं, एक बच्चे और एक पुरुष का शव बरामद किया। नूर अहमद ने घटनास्थल से फोन पर बताया कि नौका में सवार करीब 62 शरणार्थी जीवित बचे हैं। यह नाव मलेशिया की तरफ जा रही थी और तस्करों ने शरणार्थियों को विभिन्न स्थानों से नाव में बैठने का लालच दिया। कॉक्स बाजार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इकबाल हुसैन ने फोन पर बताया कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने के कारण यह डूब गई और हो सकता है इसमें कुछ अतिरिक्त सामान भी रहा हो। हुसैन ने कहा कि शवों को पास के शाह पोरिर द्वीप पर भेज दिया गया और बचाव कार्य अब भी जारी है।